Padma Vibhushan



Dr. MURLI MANOHAR JOSHI

Dr. Murli Manohar Joshi is a scientist, teacher, politician and activist knowninternationally. He is recognized for his pioneering contribution in the field of education and science and technology. As Human Resource Development Minister, Dr. Joshi was responsible for an epoch making amendment in Indian Constitution by inserting a new Article 21A to provide "free and compulsory education" to all children between 6 to 14 years as a fundamental right. This resulted in a sharp increase in the enrolment of the children belonging to deprived and backward sections of society and particularly of the girl child thus reducing the gender gap. Dr Joshi also launched a unique programme 'SarvaShikhshaAbhiyan' (SSA) to provide schools to children age group 6-14, with provision of schools on demand in the rural areas within the walking distance, school buildings having drinking water and toilet facilities. This SSA was recognized by the World Bank as the biggest ever implemented scheme in the domain of primary education. The SSA coupled with the Midday-Meal scheme resulted in sharp rise in the enrolment, attendance and a remarkable increase in literacy rate particularly of girls. The scheme is considered as an outstanding example of making primary education inclusive, and accessible.

2. Born on January 5, 1934 Dr. Joshi received his Master's degree in Physics in1954and D.Phil (Physics) in 1958 from the University of Allahabad, India, with specialization in spectroscopy and was appointed as faculty in the same year. Dr. Joshi continued in the University till he superannuated as Professor and Head of the Physics Department. President of Teachers Association Dr. Joshi strongly advocated for University Autonomy and academic freedom.

3. Dr. Joshi is a Fellow of 'VigyanParishad', Allahabad; external fellow of National Academy of Science (India); elected fellow of Russian National Academy of Natural Sciences, elected as Honorary Academician on Ecology Section of International Academy of Ecology, Man and Nature Protection Sciences, Russian Federation.

4. As a Union Cabinet Minister (1998-2004), Dr. Joshi simultaneously held the charge of three ministries: Human Resource Development (HRD), Science and technology (S&T) and Ocean Development. Under his leadership measures were taken for the expansion of higher and technical quality education. For the first time Indian Institutes of Information Technology, IIIT and IIIT(M) were established and the intake of engineering and IT courses increased almost threefold. Higher education reached N.E. States and Central Universities were opened in Mizoram and Nagaland. In Science and Technology new institutions like Brain Research Centre came up. International interaction resulted in the formation of Indo-US-Science Foundation. Dr. Joshi, for the first time launched schemes for linking computer training with the studies of Samskrit, and Urdu languages. A Central Scheme for Madrasa modernization was launched by providing Science and Maths teachers to the Madrasas.

5. Dr. Joshi has chaired a large number of International Conferences and has been invited to address various international fora. Chaired Commonwealth Science Council Ministerial Gathering South Africa 2002; Chaired UNESCO Conference on 'Education for All', in India Nepal, China and Nigeria. Addressed Commonwealth Science Council Ministerial Gathering, South Africa, 2002; Chaired UNESCO Sponsored International Conference on 'Dialogue Among Civilizations', Delhi in 2003; Chaired Third World Academy Conference, New Delhi; Climate Change Conference, New Delhi, Chaired International Conference on Mapping, Bangkok and London; Represented India in the UNESCO Conference held in China, Paris and Egypt (Bioethics).

6. Dr. Joshi addressed 'Second Parliament of Science, Religion and Philosophy' at the World Philosophers Meet on Science, Spirituality and Development, Geneva, 1998, and delivered 'Eighth Bose-Einstein Lecture on Science, Technology and Environment' in 1998, 'Sustainable Consumption' as an alternate model, Bonn University, Germany and; St. Petersburg, 2000, Brazil Academy of Science, Rio-de-Janerio, 2001; International Conference on "Samskrit in Asia. Unity in Diversity", Bangkok (Thailand), 23rd June, 2005; International Conference on "Dialogue of Cultures and Civilizations in the Global World", St. Petersburg, 24-25 May, 2007; On "Dialogue of Cultures and Partnership of Civilizations: Making of Global Culture", in the 10th International Likhachov Scientific Conference, St. Petersburg on May 13-14, 2010; International Seminar on 'Science and Religion' held at Washington USA in 1993; European Research Council at Brussels in 2002.

7. Dr. Joshi has received several honours and awards including 'Jawaharlal Nehru Award in Science' by Indian Science Association, 1999 and 'Life Time Award' by the Indian Science Congress, 2004; 'Nicolay Rerikh Medal' by International Academy of Ecology, Man and Nature Protection Sciences, St. Petersburg, Russia; 'National Citizens Award' India, 2001. He has also been conferred several degrees including D.Sc. (Honoris Causa) by the Universities of Kanpur, Gorakhpur, Banaras, Kurukhshetra and Barkatullah University, Bhopal, Panjab University Chandigarh; Mahamahopadhyay(Honoris Causa) by Tirupati Sanskrit Vidyapeetha (Deemed University) and Sampurnanand Sanskrit Vidyapeetha. Dr. Joshi has also received 'Sri ChandrashekarendraSaraswati' Award for education and culture; 'Friendship Medal' - the top Mongolian honour was conferred by the Mongolian President in July 2002; 'Order of Friendship' award was conferred by the Russian Deputy Prime Minister in 2014; 'Sri Akhandanand Saraswati Vishisht Vyakti' Alankaran, 2017.

8. Dr. Joshi received the 'Outstanding Parliamentarian' Award (Lok Sabha), 2009. Participated in J.P. movement for SamagraKranti and restoration of Democracy and as incharge of youths in U.P. Detained under M.I.S.A. during Emergency from 26 June 1975 to March 1977; As President of B.J.P., undertook EktaYatra from Kanyakumari to Srinagar to highlight the Pakistan sponsored terrorism in Kashmir and hoisted National Flag at Lal Chowk, Srinagar, Jammu and Kashmir on the Republic Day, 1992.



डॉ. मुरली मनोहर जोशी

डॉ. मुरली मनोहर जोशी अन्तरराष्ट्रीय स्तर के एक जाने-माने वैज्ञानिक, शिक्षक, राजनीतिज्ञ और कार्यकर्ता हैं। आपको शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आपके अग्रणी योगदान के लिए जाना जाता है। मानव संसाधन विकास मंत्री के रूप में आपने 6 से 14 वर्ष की आय के सभी बच्चों को मौलिक अधिकार के रूप में ''नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा'' प्रदान करने के लिए एक नया अनुच्छेद '21 क' जोडकर भारतीय संविधान में एक युगान्तकारी संशोधन किया। इससे समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्ग के बच्चों और विशेष रूप से लड़कियों के दाखिलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई तथा इस प्रकार लड़के और लड़कियों के बीच भेद कम हुआ। आपने ग्रामीण क्षेत्रों में वहां के लोगों की मांग पर 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए कम दूरी पर पेयजल और शौचालय सुविधाओं से युक्त भवनों में स्कूल की व्यवस्था करने के लिए एक अनूठा कार्यक्रम 'सर्वशिक्षा अभियान' (एसएसए) चलाया। विश्व बैंक ने इस अभियान को प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में लागू की गई अब तक की सबसे बड़ी योजना बताया है। मध्यान्ह के भोजन के साथ-साथ इस सर्व शिक्षा अभियान से दाखिले, उपस्थिति में तेज वृद्धि और विशेष रूप से लड़कियों की साक्षरता दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। एक प्राथमिक शिक्षा को समावेशी तथा सुलभ बनाने में इस योजना को उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में माना जाता है।

2. आपका जन्म 5 जनवरी, 1934 को हुआ। आपने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 1954 में भौतिकी में मास्टर डिग्री तथा 1958 में स्पेक्ट्रोस्कॉपी में स्पेशियलाइजेशन के साथ डी. फिल (फिजिक्स) की उपाधि प्राप्त की तथा उसी वर्ष आपको शिक्षक (फैकल्टी) के रूप में नियुक्त किया गया। आप भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्ति तक विश्वविद्यालय में सेवा करते रहे। शिक्षक एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में आपने विश्वविद्यालय की स्वायत्तता और शैक्षणिक स्वतंत्रता की जोरदार वकालत की।

3. आप 'विज्ञान परिषद', इलाहाबाद के अध्येता, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (भारत) के एक्सटर्नल फैलो; रशियन नेशनल एकेडेमी ऑफ नेचुरल साइंसिज के निर्वाचित अध्येता, इकोलोजी सेक्शन ऑफ इन्टरनेशनल एकेडेमी ऑफ इकोलोजी, मेन एण्ड नेचर प्रोटेक्शन साइंसिज, रशियन फेडरेशन के निर्वाचित मानद अकादमी सदस्य हैं।

4. केन्द्र में कैबिनेट मंत्री (1998-2004) के रूप में आपने एक साथ तीन मंत्रालयों: मानव संसाधन विकास (एच आर डी), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा महासागर विकास के प्रभारों का निर्वहन किया। आपके नेतृत्व में उच्चतर एवं तकनीकी गुणवत्ता वाली शिक्षा के प्रसार के उपाय किए गए। पहली बार भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, आई आई आई टी तथा आई आई आई टी (एम) की स्थापना की गई जिससे इंजीनियरिंग तथा आई टी कोर्सों में प्रवेश क्षमता बढ़कर लगभग तीन गुनी हो गई। उच्चतर शिक्षा पूर्वोत्तर के राज्यों तक पहुंची तथा मिजोरम और नागालैण्ड में केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोले गए। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में ब्रेन रिसर्च सेंटर जैसे नए संस्थान अस्तित्व में आए। अन्तरराष्ट्रीय चर्चा-परिचर्चा से इंडो-यूएस-साइंस फाउन्डेशन बना। आपने पहली बार कम्प्यूटर प्रशिक्षण को संस्कृत और उर्दू भाषाओं के अध्ययन से जोड़ने की योजनाएं शुरू कीं। मदरसों में विज्ञान और गणित के शिक्षक उपलब्ध कराकर मदरसों के आधुनिकीकरण की एक केन्द्रीय योजना शुरू की गई।

5. आपने अनेक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों की अध्यक्षता की है और आपको विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया है। आपने कॉमनवेल्थ साइंस काउन्सिल मिनिस्ट्रियल गेदरिंग साउथ अफ्रीका 2002; भारत, नेपाल, चीन और नाइजीरिया में 'एड्यूकेशन फॉर ऑल' पर यूनेस्को सम्मेलन की अध्यक्षता की। आपने कॉमनवेल्थ साइंस काउंसिल मिनिस्ट्रियल गेदरिंग, साउथ अफ्रीका, 2002 को संबोधित किया; वर्ष 2003 में दिल्ली में ''डायलॉग अमंग सिविलाइजेशंस'' विषय पर यूनेस्को द्वारा प्रायोजित अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की; थर्ड वर्ल्ड एकेडेमी कान्फ्रेंस, नई दिल्ली; जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, नई दिल्ली तथा इंटरनेशनल कान्फ्रेंस ऑन मैपिंग, बैंकॉक और लंदन की अध्यक्षता की तथा चीन, पेरिस और इजिप्ट में आयोजित यूनेस्को कान्फ्रेंस (बॉयोइथिक्स) में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

6. आपने विज्ञान, आध्यात्म और विकास विषय पर वर्ल्ड फिलॉस्फर्स मीट, जिनेवा, 1998 में 'सेकण्ड पार्लियामेंट ऑफ साइंस, रिलीजन एंड फिलॉस्फी' को संबोधित किया तथा 1998 में 'विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण' विषय पर 'आठवां बोस –आइंस्टीन व्याख्यान', बोन यूनिवर्सिटी, जर्मनी में वैकल्पिक मॉडल के रूप में 'सस्टेनेबल कन्जम्पशन' तथा सेंट पीटर्सबर्ग, 2000, ब्राजील एकेडेमी ऑफ साइंस, रियो-डि-जेनरो, 2001; इन्टरनेशनल कान्फ्रेंस ऑन संस्कृत इन एशिया, यूनिटी इन डायवर्सिटी'', बैंकॉक (थाइलैण्ड), 23 जून, 2005; इंटरनेशनल कान्फ्रेंस ऑन ''डायलॉग ऑफ कल्चर्स एण्ड सिविलाइजेशंस इन द ग्लोबल वर्ल्ड'', सेंट पीटर्सबर्ग, 24-25 मई 2007; ऑन ''डायलॉग ऑफ कल्चर्स एण्ड पार्टनरशिप ऑफ सिविलाइजेशंस; मेकिंग ऑफ ग्लोबल कल्चर'' इन द 10th इंटरनेशनल लिखाचॉव साइंटीफिक कान्फ्रेंस, सेंट पीटर्सबर्ग, 13-14 मई 2010; 'विज्ञान एवं धर्म' विषय पर 1993 में वाशिंगटन, यू एस ए में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार; 2002 में ब्रुसेल्स में यूरोपियन रिसर्च काउसिंल में व्याख्यान दिए।

7. आपको अनेक सम्मान एवं पुरस्कारों से नवाजा गया है जिनमें इंडियन साइंस एसोसिएशन द्वारा 'विज्ञान में जवाहरलाल नेहरू पुरस्कार', 1999 और इंडियन साइंस कान्फ्रेंस द्वारा 'लाइफटाइम अवार्ड' 2004; इन्टरनेशनल एकेडेमी ऑफ इकोलोजी द्वारा 'निकॉलय रेरीख मेडल', मेन एंड नेचर प्रोटेक्शन साइंसिज, सेंट पीटर्सबर्ग, रशिया; 'नेशनल सिटीजन्स अवार्ड' इण्डिया, 2001 आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय है। आपको कानपुर, गोरखपुर, बनारस, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालयों तथा बरकतुल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा अनेक उपाधियां प्रदान की गईं। आपको तिरूपति संस्कृत विद्यापीठ (डीम्ड विश्वविद्यालय) तथा सम्पूर्णानंद संस्कृत विद्यापीठ द्वारा महामहोपाध्याय की उपाधि (मानद) प्रदान की गई। आपको शिक्षा और संस्कृति के लिए 'श्री चंद्रशेखरेन्द्र सरस्वती' पुरस्कार; जुलाई 2002 में मंगोलियन राष्ट्रपति द्वारा मंगोलिया का शीर्ष सम्मान 'फ्रेन्डशिप मेडल' प्रदान किया गया। आपको 2014 में रूस के उप-प्रधानमंत्री द्वारा 'ऑर्डर ऑफ फ्रेन्डशिप' पुरस्कार तथा 2017 में 'श्री अखंडानंद सरस्वती विशिष्ट व्यक्ति' अलंकरण प्रदान किया गया।

8. आपको 'आउटस्टेंडिंग पार्लियामेंटेरियन' पुरस्कार (लोकसभा) 2009 प्रदान किया गया। आपने 26 जून 1975 से 1977 तक लगे आपातकाल के दौरान एम.आई.एस.ए. के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में निरूद्ध किए गए युवकों के प्रभारी के रूप में समग्र क्रांति एवं लोकतंत्र के पुनरुत्थान के लिए जे.पी. आंदोलन में भाग लिया; भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के रूप में आपने कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को हाईलाइट करने के लिए कन्याकुमारी से श्रीनगर तक एकता यात्रा निकाली और गणतंत्र दिवस, 1992 को लाल चौक, श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।